कार्यालय अध्यक्ष–एवं–उप मण्डल दण्डाधिकारी, राज्य स्तरीय नलवाड़ एवं देवता मेला सुन्दरनगर, जिला मण्डी, हि0प्र0 ।

क्रमांक–उ0म0अ0{ना0}सु0नगर/मेला/2021– 324-25

दिनांक 18 मार्च, 2021

"कार्यालय आदेश"

राज्य स्तरीय नलवाड मेला जो दिनांक 22 से 28 मार्च, 2021 तक मनाया जाना है के दौरान शहर की सुन्दरता के लिए राष्ट्रीय उच्च मार्ग–21 के दोनों तरफ लगाई जाने वाली बिजली की लड़ियां व भिन्न–2 स्थानों पर आयोजित की जाने वाली खेलों के दौरान स्थपित किए जाने वाले टेन्ट तथा विभागीय प्रर्दशनियों के लिए बनाये जाने वाले अस्थाई स्टॉल स्थापित किए जाने हेतु श्री जसमीत सिंह को इस कार्यालय के आदेश पृष्ठांकन संख्या उ0म0अ0{ना0} सु0नगर/मेला/2021– 265 दिनांक 16 मार्च, 2021 तथा 283 दिनांक 17 मार्च, 2021 द्वारा **आपूर्ति आदेश** जारी किए गए थे परन्तु मेले में लगाई जाने वाली अस्थाई **दुकानें** व **डोम** के विक्रय नहीं होने के कारण तथा मेला समिति को अन्य मुख्य स्त्रोत से आमदनी नहीं होने के कारण **मेला समिति** ने शहर की सुन्दरता के लिए लगाई जाने वाली बिजली की लड़ियां, **नहीं लगाये जाने का** तथा **विभागीय प्रर्दशनियों** को **सुकेत देवता मेला** जो दिनांक 17 से 21 अप्रैल, 2021 तक मनाया जाना है के दौरान लगाये जाने का निर्णय लिया। इसलिए इस निर्णय के दृष्टिगत इस कार्यालय द्वारा जारी **आपूर्ति आदेश** जो पृष्ठांकन संख्या **उ0म0अ0{ना0}सु0नगर/मेला/2021–265 दिनांक 16 मार्च, 2021 तथा 283 दिनांक 17 मार्च, 2021 तत्काल प्रभाव से रदद् किए जाते हैं** तथा उक्त कार्यो को पूर्ण किए जाने के सम्बन्ध में पुनः **दिनांक 19 मार्च, 2021 को प्रातः 11:00 बजे** अलग से निविदा आमंत्रित की गई है।

अतः ईच्छुक निविदाताओं से अनुरोध है कि जो भी निविदाता इस निविदा में भाग लेना चाहते हैं वह **दिनांक 19 मार्च, 2021 को प्रातः 11:00 बजे** से पूर्व बिना किसी शुल्क के निविदा फार्म लेकर बन्द लिफाफे में अपनी निविदा इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं तथा प्राप्त निविदा उसके तुरन्त बाद निविदाओं की उपस्थिति खोली जाएगी।

राहुल चौहान {हि0प्र0प्र0से0}
अध्यक्ष–एवं–उप मण्डल दण्डाधिकारी,
राज्य स्तरीय नलवाड़ व देवता मेला,
सुन्दरनगर, जिला मण्डी, हि0प्र0।
दू0न0–01907–266001

पृ0संख्या–उपरोक्त/2021– 324-25

दिनांक 18 मार्च, 2021

प्रतिलिपिः–

श्री जसमीत सिंह अरोडा मण्डी, जिला मण्डी, हि0प्र0 को सूचनार्थ एवं अनुपालना हेतु प्रेषित है।

2. नोटिस बोर्ड पर चस्पान तथा मेला वेबसाईट पर अपलोड की जाए।

अध्यक्ष–एवं–उप मण्डल दण्डाधिकारी,
राज्य स्तरीय नलवाड व देवता मेला,
सुन्दरनगर, जिला मण्डी, हि0प्र0।